CASE STUDY No. 4 (सितंबर-2023)

दि.27.09.2023

DIESEL LOCO

दिनांकः 22.09.2022

घटनाक्रमः- MU लोको क्र. 11314 + 11358 के साथ गाड़ी क्रमांक N/BOBY, सेक्शन मालखेड़ – चांदूर में कार्य करते समय ट्रेलिंग लोको का VCD ऑपेरेट हो गया, जिससे BP प्रैशर ड्रॉप हो गया। लोको पायलट ट्रेलिंग लोको के VCD को रिसेट करने में असमर्थ रहें, जिसके कारण उपरोक्त लोड विलंबित हुआ। अंत में पिछले लोको को डैड कर लोड को बॅंक कर सेक्शन क्लियर किया गया। निरीक्षणोपरांत पाया गया कि लोको पायलट ने कैब बदलते समय पिछले लोको के दोनों कंट्रोल स्टैंड के MCB सर्किट ब्रेकर को 'ऑन' पोजीशन में छोड़ दिया, जिसके कारण पिछले लोको का VCD सर्विस में बना रहा और निर्धारित समय में एकनोलेज न होने के कारण ऑपेरेट हो गया।

कारणः-

- कर्मीदल द्वारा कैब बदलते समय पिछले लोको के दोनों कंट्रोल स्टैंड के MCB सर्किट ब्रेकर को 'ऑन' पोजीशन में छोड़ देना, जिसके कारण पिछले लोको का VCD सर्विस में बना रहा।
- कर्मीदल द्वारा ट्रेलिंग लोको के VCD को रिसेट न कर पाना।

कर्मीदल को सुझावः- उपरोक्त प्रकार कि घटना से लोको विफलता को रोकने के लिए डीजल लोको में कार्य करने वाले सभी लोको पायलटो को ये अनुदेश दिये जाते हैं कि मल्टीपल लोको के साथ निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करें:-

1. VCD को 60 सेकंड के अंदर एकनोलेज करें।
2. मल्टीपल लोको में कैब बदलने के दौरान, जब पिछले लोको में MU2B की पोजीशन में परिवर्तन करने के लिए जाए, तब उसी समय ट्रेलिंग लोको के दोनों कंट्रोल स्टैंड के सभी सर्किट ब्रेकर को ऑफ कर दें, सिर्फ MUSD को छोड़ कर।
3. यदि मल्टीपल लोको में ट्रेलिंग लोको का VCD ऑपेरेट होता है, तो रिवर्सर हैंडल लेकर पिछले लोको के कैब में जाए, रिवर्सर हैंडल लगाकर फॉरवर्ड या रिवर्स दिशा में रखकर VCD रिसेट बटन की सहायता से VCD को रिसेट करें।

पवन कुमार जयंत (signature)

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक / मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत करायें एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।